मेरा भारत

यह है मेरा प्यारा भारत,
प्यारा-प्यारा न्यारा भारत,
सारे जग का दुलारा भारत।
देखो इसकी शान निराली,
शान निराली आन निराली,
यह है मेरा प्यारा भारत,
प्यारा-प्यारा न्यारा भारत, सारे जग का दुलारा भारत ।।

इसमें बसते और अकड़ते,
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,
इन सबका भाई-चारा देखो।
इन सबका धर्म अलग है,
फिर भी सबका एक है भारत,
यह है मेरा प्यारा भारत,
प्यारा-प्यारा न्यारा भारत, सारे जग का दुलारा भारत ।।

इसके कण कण में मैं हूं,
मेरे कण-कण में यह है,
इससे है अति प्यार मुझे,
यह है मेरा प्यारा भारत।
प्यारा-प्यारा न्यारा भारत, सारे जग का दुलारा भारत।।

नुसरत इजहार सिद्दीकी, आशुलिपिक ग्रेड - द्वितीय